हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 14 जनवरी 2026

06 निष्पक्ष और स्वस्थ लोकतंत्र का आधार है शुद्ध मतदाता...



08 जिला विपणन विभाग की सोसाइटियों पर डेढ़ अरब...





## खबर संक्षेप

### मकर संक्रांति पर दंगल का आयोजन आज होगा

**विदिशा।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर महाकाल छाल दिवाली अखाड़ा द्वारा दंगल का आयोजन किया जा रहा है। दंगल आज बुधवार को दोपहर 12 बजे से शनि मंदिर के पीछे आयोजित होगा। शहर के गणमान्य नागरिक एवं पहलवानों को आमंत्रित किया गया है।

### चेस एसोसिएशन की बैठक में तिथियां घोषित

**विदिशा।** जिला चेस एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी चेस टूर्नामेंट की तिथियां तय की गईं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ब्लॉक स्तरीय चेस प्रतियोगिता 18 जनवरी तथा जिला स्तरीय प्रतियोगिता 19 जनवरी को आयोजित होगी। दोनों प्रतियोगिताएं प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ होंगी। प्रतियोगिता की रूपरेखा, पंजीयन, नियम, निर्णायक व स्थल व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन अध्यक्ष सोमिल पलोड ने की। उपाध्यक्ष अटल तिवारी सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### छात्र शक्ति ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**कुरवाई।** छात्र शक्ति ने स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भारत माता की आरती का आयोजन बीना तिराहा पर किया जिसमें कुरवाई नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। छात्र शक्ति का कहना है कि स्वामी विवेकानंद जी ने भारत में ही नहीं अपितु विश्व स्तर पर योग एवं सनातन संस्कृति को गौरवान्वित किया है छात्र शक्ति से उपस्थित रहे राज पंडित, वासु चौबे, मोहित कलावत, अंश अहिरवार, दीपेश पंथी, कुश शर्मा, प्रियांश राय , राज खटीक, मयंक चंदेल, अनिकेत अहिरवार, सानिध्य ठाकुर, कार्तिक राजपूत आदि मौजूद रहे।

### गायत्री प्रज्ञा पीठ में ट्रस्ट मंडल का पुनर्गठन

**विदिशा।** स्वर्णकार कॉलोनी स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ में ट्रस्ट मंडल का पुनर्गठन किया गया। गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व जिला समन्वयक मुकेश श्रीवास्तव को सर्वसम्मति से मुख्य प्रबंध ट्रस्टी मनोनीत किया गया। नवगठित ट्रस्ट मंडल में डॉ. लोकेश्वरी नेमा को सहायक मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, अंबिका कुमार गांधी को कोषाध्यक्ष तथा सुमन श्रीवास्तव, प्रकाश सोनकर, शोभा पवार और सुषमा विश्वकर्मा को ट्रस्टी नियुक्त किया गया। भोपाल उपजोन प्रभारी रघुनाथ प्रसाद हजारी ने प्रज्ञा संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि राकेश गुप्ता ने ट्रस्ट के उद्देश्य व दायित्व बताए तथा विभिन्न समितियों के गठन की घोषणा की। अध्यक्षता पूर्व प्रमुख ट्रस्टी राजा राम पवार ने की।

### परिचय सम्मेलन तैयारी संबंधी बैठक 17 को

**विदिशा।** रघुवंशी समाज के प्रस्तावित जिला स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं करियर काउंसलिंग कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन 17 जनवरी शनिवार को दोपहर 2 बजे से बस स्टैंड स्थित विदिशा रघुवंशी समाज धर्मशाला में किया जाएगा। रघुवंशी समाज के जिला अध्यक्ष मोहरसिंह रघुवंशी ने बताया कि बैठक में जिले की सभी तहसीलों के नियुक्त पदाधिकारी, प्रदेशस्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी, युवा प्रतिनिधि एवं समाज के समस्त स्वजातीय बंधु आमंत्रित हैं। उन्होंने बताया कि जिलेभर से समाजजनों की अधिक सहभागिता को देखते हुए परिचय सम्मेलन के स्थल में परिवर्तन किया गया है। अब यह कार्यक्रम बस स्टैंड स्थित शहनाई गार्डन में आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियों की समीक्षा बैठक में की जाएगी। बैठक में करियर काउंसलिंग को अधिक प्रभावी बनाकर विद्यार्थियों, युवाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों तक लाभ पहुंचाने पर भी मंथन होगा।

---

#### केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी 17 को विदिशा आएंगे

# नितिन गड़करी के सामने उठेगा हाईवे के घटिया निर्माण का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

हाईवे निर्माण में की जा रहीं अनियमितताओं को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस मुद्दे को शहर के लोग सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष उठाएंगे।

हाईवे निर्माण कार्य में प्रतिबंधित होने के बावजूद काली मिट्टी का उपयोग किए जाने का मामला उजागर हुआ है। काली मिट्टी का उपयोग ग्यारसपुर के आसपास, विदिशा बायपास पर आंख बंद करके किया गया है। इसी तरह विदिशा से देवखजूरी और देवखजूरी के पास हिनौतिया और नटेरन के बीच काली मिट्टी का अंधाधुंध उपयोग किया गया। पूरी गाइड लाइन और इंडियन रोड कॉंग्रेस के रूल खूंटी पर टांग दिए प्रतीत होते हैं।



विदिशा। हाईवे निर्माण के दौरान जगह जगह भारी मात्रा में काली मिट्टी का खुलेआम उपयोग किया जा रहा है।

नेशनल हाईवे कि गाइडलाइन के अनुसार अर्थवर्क में काली मिट्टी का उपयोग नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह मिट्टी पानी सोखने के बाद फैलती और सूखने पर सिकुड़ती है, जिससे सड़क की मजबूती प्रभावित होती है। ऐसे में सड़क के जल्द टूटने और गड्ढे बनी रहती है। आरोप है कि हाईवे निर्माण के दौरान बनाए जा रहे तमाम फ्लाईओवरों के स्लैब की फिलिंग में निर्धारित सामग्री की बजाय मिट्टी का उपयोग किया गया है, जबकि तकनीकी मानकों के अनुसार फ्लाई ऐश का प्रयोग किया जाना चाहिए था। फ्लाई ऐश का उपयोग न केवल संरचनात्मक मजबूती देता है, बल्कि यह पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप भी माना जाता है। मिट्टी की फिलिंग से भविष्य में स्लैब में दरारें आने और संरचना कमजोर होने की संभावना बढ़ जाती है।

#### ठेकेदार को लाभ पहुंचाने पीडी सिंघई की मनमानी

ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए एनएच के प्रोजेक्ट मैनेजर सिद्धार्थ नियमों को दरकिनार कर कार्य करा रहे हैं। मामले को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को ज्ञापन सौंपने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए जिला कलेक्टर से समय लिया जाएगा। यदि जिला प्रशासन द्वारा केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलने का समय नहीं दिलाया गया तो सोशल मीडिया के प्लेटफार्म एक्स पर अभियान चलाकर मामले को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया जाएगा।

#### मौतों के गड्ढे खोदे

एनएच निर्माण के दौरान गांवों को जोड़ने वाली सड़कों को तहस नहस कर दिया गया है। दो ठेकेदारों ने 74 गड्ढे ऐसे खोदे हैं जो मौत के गड्ढे हैं। फ्लाईओवर के उठाव में कोयले की राख की जगह आसपास से मिट्टी डाली गई है। इससे भोपाल जैसे हादसे होते रहेंगे। प्रोजेक्टर मैजेनर द्वारा पंचायतों को कर और शासन की रायल्टी भुगतान में अनियमिततर बरती जा रही है।

-**कैलाश रघुवंशी,** भाजपा नेता

---

### संक्रांति पर चाइनीज धागे पर पूर्ण प्रतिबंध

**विदिशा।** मकर संक्रांति पर्व पर जिले में पतंगबाजी के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चाइनीज धागे के उपयोग एवं विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है |हाल ही में चाइनीज मांझे से गंभीर दुर्घटनाएं एवं जनहानि की घटनाएं सामने आ चुकी हैं | इसी को ध्यान में रखते हुए एसपी के प्रस्ताव पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अंशुल गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया है | आदेश के अनुसार ऐसे सभी धागे, जो मानव जीवन व सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा हैं, उनके उपयोग और बिक्री पर रोक रहेगी | प्रशासन ने नागरिकों से सुरक्षित पतंगबाजी की अपील की है |

### 21 हजार से अधिक ने किया सूर्यनमस्कार

**विदिशा।** स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को जिलेभर में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया | जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंडों में प्रात: 9 बजे से शासकीय-अशासकीय शैक्षणिक संस्थानों, आयुष एवं योग संस्थाओं, कार्यालयों और पंचायत परिसरों में कार्यक्रम हुए | इसमें 21 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता निभाई | कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों, विद्यार्थियों एवं युवाओं में योग, स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा | आयोजन में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, विद्यार्थी मौजूद रहे |

## एक ही रात में तीन घरों के ताले टूटे डेढ़ लाख के जेवरात व नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के बामोरा मोहल्ला स्थित नारायण कॉलोनी में सोमवार रात अज्ञात चोरों ने एक ही रात में तीन घरों के ताले तोड़े।

दो मकानों में चोरी का प्रयास असफल रहा, जबकि तीसरे घर से सोने के जेवरात और नकदी लेकर चोर फरार हो गए। चोरों ने उमा शर्मा के मकान का ताला तोड़ा और घर में रखे सोने के जेवरात कानों के बड़े झुमके, अंगूठी, नथनी, पायल सहित लगभग 15 से 20 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। चोरी गए जेवरात की कुल कीमत एक से डेढ़ लाख रुपये के बीच बताई जा रही है। फरियादी उमा शर्मा ने बताया कि वे किसी पारिवारिक कार्य से विदिशा अपने रिश्तेदार के यहां गई हुई थीं। लौटने पर उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और अंदर सामान बिखरा पड़ा है, जिससे चोरी का संदेह हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस को अवगत कराया गया और ग्यारसपुर थाने में अज्ञात चोरों



के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई,पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और जांच शुरू कर दी है । दो घरों में चोरों को कोई कीमती सामान नहीं मिला।

### सर्वधर्म समभाव व्याख्यान माला रविवार को

**विदिशा।** गांधी जयंती के शुभ अवसर पर गांधी सुमिरन मंच एवं सर्वोदय मंडल के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिमाह आयोजित होने वाली सर्वधर्म समभाव व्याख्यान माला की द्वितीय पुष्प प्रस्तुति 18 जनवरी रविवार को आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न धर्मों के विद्वानों द्वारा गांधी विचारधारा की रोशनी में अपने विचार प्रस्तुत करना है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में माननीय मनजीत सिंह (जानी जी) व्याख्यान देंगे। व्याख्यान का विषय सिख पंथ और इसका अर्थपूर्ण अवदान रहेगा। कार्यक्रम दोपहर 11:30 बजे मॉ हॉस्पिटल, श्रीरामनगर में आयोजित होगा।

### नाबालिग को ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** पुलिस अधीक्षक विदिशा के निर्देशन में संचालित "ऑपरेशन मुस्कान" अभियान के तहत थाना शमशाबाद पुलिस को उल्लेखनीय सफलता मिली है। पुलिस ने गुम नाबालिग बालिका को जिला जबलपुर से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा। 26 नवंबर 2025 को नाबालिग के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई थी, जिस पर अपराध क्रमांक 379/2025 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। सतत प्रयासों के बाद 11 जनवरी 2026 को बालिका को बरामद कर आरोपी विजय आदिवासी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया।

## मेडिकल कॉलेज में घुटने की पहली लिगामेंट आर्थ्रोस्कोपी सर्जरी सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मेडिकल कॉलेज विदिशा ने चिकित्सा क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए पहली बार घुटने की लिगामेंट आर्थ्रोस्कोपी सर्जरी को अंजाम दिया। यह अत्याधुनिक न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी 20 वर्षीय युवती पर दूरबीन (आर्थ्रोस्कोप) तकनीक से की गई, जिससे कम दर्द, कम रक्तस्राव और शीघ्र रिकवरी संभव हो सकी।



यह महत्वपूर्ण शल्यक्रिया मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. मनीष निगम के मार्गदर्शन में तथा ऑर्थोपेडिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल वार्ष्णेय के नेतृत्व में संपन्न हुई। सर्जरी टीम में डॉ. सनत सिंह, डॉ. संजय उपाध्याय, डॉ. सुनील किरार, डॉ. सत्यम कुमरे एवं डॉ. संजुल बंसल शामिल रहे, जिनके समन्वित प्रयास से यह उपलब्धि संभव हुई। यह जटिल और महंगी सर्जरी जो निजी अस्पतालों में लाखों रुपए खर्च की मांग करती है। मेडिकल कॉलेज में मरीज को पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। यह कदम शासन की जनकल्याणकारी नीति को दर्शाता है।

डॉ. अतुल वार्ष्णेय ने बताया कि यह सफलता जिले में आधुनिक न्यूनतम इनवेसिव ऑर्थोपेडिक उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## फरीदाबाद ने फाइनल में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कनारा क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित 56वीं अखिल भारतीय कनारा क्रिकेट ट्रॉफी अब अपने निर्णायक दौर में पहुंच गई है।

मंगलवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में फरीदाबाद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भोपाल लेपड्र्स को पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। टॉस जीतकर भोपाल लेपड्र्स ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया, लेकिन फरीदाबाद के बल्लेबाजों ने संयमित और प्रभावी बल्लेबाजी कर इस निर्णय को गलत साबित कर दिया। फरीदाबाद की ओर से दीपक ने 50 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। उनके अलावा दीपांश कुमार ने 22 रन और कुलदीप ठाकुर ने 24 रन का योगदान दिया। भोपाल की ओर से आदित्य सिंह ने 3 विकेट लिए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल लेपड्र्स की टीम फरीदाबाद की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम 15.3 ओवर में मात्र 92 रनों पर सिमट गई। कप्तान अतुल कुशवाहा (35 रन) और प्रांजुल पुरी (23 रन) के अलावा अन्य बल्लेबाज खास योगदान नहीं दे सके। फरीदाबाद के इंद्रेश और प्रांजल सिंह ने 3-3 विकेट लेकर जीत की नींव रखी। इंद्रेश को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### ट्रेन से कटकर मौतः परिजनों से बोला था- भोपाल में नौकरी मिली

**विदिशा।** ट्रेन की चपेट में आने से एक छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान 24 वर्षीय छोटेलाल अहिरवार के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों के अनुसार छोटेलाल कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था और किसी कार्य से जैन कॉलेज आया हुआ था। घर से निकलते समय उसने परिजनों को बताया था कि उसे भोपाल में नौकरी मिल गई है। परिवार ने बताया कि छोटेलाल का स्वभाव शांत और सरल था। उसके जीवन में किसी प्रकार के तनाव या परेशानी की जानकारी सामने नहीं आई है। मृतक के पिता नगर पालिका में कर्मचारी हैं। बेटे की अचानक हुई मौत से परिवार सदमे में है। जीआरपी के अनुसार घटना के कारणों की जांच की जा रही है। पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि युवक ट्रेन की चपेट में कैसे आया। पुलिस हर पहलू से मामले की पड़ताल कर रही है।

## पुलिया पुनर्निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

नेशनल हाईवे क्रमांक 146 के चार लेन बायपास निर्माण के दौरान राज परिसर के पास स्थित पूर्व निर्मित जामुन वाला रिपटा पुलिया का पुनर्निर्माण नहीं किए जाने से मोहनपुर की निचली बस्ती पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जनसुनवाई में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए ग्यारसपुर एसडीएम को स्थिति से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि यह पुलिया ग्राम पंचायत ग्यारसपुर, आसपास के जंगलों एवं ऊपरी क्षेत्रों से आने वाले वर्षा जल की निकासी का एकमात्र प्राकृतिक मार्ग है। पूर्व में सड़क निर्माण के दौरान हर बार इस पुलिया का निर्माण या पुनर्निर्माण किया जाता रहा है, लेकिन वर्तमान में ठेकेदार द्वारा इसे नजरअंदाज किया जा रहा है।

समय रहते पुलिया का निर्माण नहीं हुआ तो बारिश में मोहनपुर की निचली बस्ती के मकानों में जलभराव हो सकता है, साथ ही ओवरब्रिज की नींव पर भी खतरा मंडरा सकता है। एसडीएम शशि मिश्रा ने बताया कि एनएचएआई के इंजीनियर को मौके पर भेजकर जांच कराई जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने शीघ्र समाधान की मांग की है।

## बड़ा सर्राफा एसोसिएशन ने डीआईजी से की मुलाकात, पुलिस चौकी पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बड़ा सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विदिशा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में डीआईजी राजेश सिंह चंदेल से भेंट की। बैठक में अरिहंत ज्वेलर्स डकैती प्रकरण की शेष जब्ती, बड़ा बाजार में पुलिस चौकी की स्थापना तथा गिरबी उठाने में आ रही परेशानियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर लगभग एक घंटे तक विस्तृत चर्चा हुई। डीआईजी ने सभी बिंदुओं पर सहमति जताते हुए सर्राफा एसोसिएशन के प्रयासों पर बात की। बैठक में यह भी तय हुआ कि



सर्राफा एसोसिएशन द्वारा स्टील की पुलिस चौकी का निर्माण कराया जाएगा, जिससे वर्षा व शीतकाल में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सुविधा मिल सके। डीआईजी ने आश्वासन दिया कि शेष आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर रकम बरामद की जाएगी। साथ ही पुलिस चौकी एवं गिरबी फार्म को मान्यता देने पर सहमति बनी। इस अवसर पर एसपी रोहित काश्वानी, एएसपी प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह, टीआई आनंदराज सहित अनेक पदाधिकारी व व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष की उपस्थिति में गायत्री मंदिर में गोद भराई कार्यक्रम



**विदिशा।** जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की उपस्थिति में मंगल दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास परियोजना अंतर्गत सेक्टर युवराज क्लब की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गायत्री मंदिर में सामूहिक गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर कुल 50 गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक विधि से गोद भराई की रस्म संपन्न कराई गई।

#### रामलीला मेले के लिए पदाधिकारियों द्वारा भूमिपूजन किया गया

# आज से शुरू होगी 125वें वर्ष की रामलीला

- 9 फरवरी तक मेले में होगा रामलीला का मंचन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विदिशा की ऐतिहासिक रामलीला के लिए मंगलवार को विधिवत भूमिपूजन किया गया।इस वर्ष रामलीला 125वें साल में प्रवेश कर रही है। जिसको लेकर मेले के पदाधिकारियों में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है।

शहर में जगह- जगह भगवा ध्वज लगाए गए हैं। वहीं रामलीला मेला परिसर को भी भगवामय किया जा रहा है। पूरा मेला परिसर आकर्षक सजावट के साथ तैयार हो चुका है। मेले में आने के लिए मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को भी आमंत्रित किया गया गया है। लीलाओं के लिए पात्रों का चयन पहले ही किया जा चुका है। शहर में आमंत्रण पत्र भी वितरित कर दिए गए हैं।



## सेऊ रामलीला में खर-दूषण वध की लीला, देखने उमड़ा जनसैलाब

**नटेरन।** ग्राम सेऊ में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्रीरामलीला मेले का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा रामायण की लीलाओं का सजीव और प्रभावशाली मंचन किया जा रहा है। मंगलवार को हाट बाजार के दिन आयोजित खर-दूषण वध की लीला देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। लीला के दौरान वनवास प्रसंग में शूर्पणखा द्वारा भगवान राम से विवाह का प्रस्ताव, राम का सीता के प्रति निष्ठावान रहते हुए विनम्र अस्वीकार, लक्ष्मण से विवाह का आग्रह और सीता पर आक्रमण का प्रयास दर्शाया गया। इसके बाद लक्ष्मण द्वारा शूर्पणखा की नाक-कान काटे जाने का दृश्य दर्शकों को भावविभोर कर गया। अपमानित शूर्पणखा के बुलावे पर खर और दूषण विशाल सेना के साथ रामदल पर चढ़ाई करते हैं। ढोल-नगाड़ों, चिरागों, ट्रैक्टर-ट्रॉली, जेसीबी, रथ और पालकी पर सवार सेना नगर के चौक-चौराहों से होते हुए रामलीला प्रांगण पहुंची। अंत में भगवान राम द्वारा खर-दूषण वध का मंचन हुआ, जिसे दर्शकों ने जयकारों के साथ सराहा।

### राजेश राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय महासचिव बने

**विदिशा।** राज्य शिक्षक संघ मप्र के प्रांतीय अध्यक्ष जगदीश यादव ने राजेश एलिया को प्रांतीय महासचिव नियुक्त किया है। राजेश एलिया लंबे समय से शिक्षक संवर्ग के हित में सक्रिय रहते हुए संघ द्वारा सौंपी गई।



### 106 आवेदनों में से 77 का हुआ निराकरण

**विदिशा।** मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम में 106 आवेदकों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। मौके पर 77 आवेदनों का निराकरण किया गया है। शेष आवेदनों पर समय सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-6050
सरसों
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-7300
चना
न्यूनतम भाव- 4500
उच्चतम भाव- 5751
मसूर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6050
ज्वार
न्यूनतम भाव-5450
उच्चतम भाव-7500
मक्का
न्यूनतम भाव-1270
उच्चतम भाव- 1630
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3100
उच्चतम भाव-3590
धान
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-3885
धनिया
न्यूनतम भाव-7400
उच्चतम भाव-7400
उड़द
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-6690
गेंहू
न्यूनतम भाव-2390
उच्चतम भाव-3410

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 13413 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### सांसद खेल महोत्सव का समापन 15 जनवरी को

**गंजबासौदा।** 15 जनवरी को शासकीय एसजीएस कॉलेज प्रांगण में दोपहर 1 बजे से सांसद खेल महोत्सव समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रभारी मंत्री लखन पटेल , विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र सिंह रघुवंशी मुख्य रुप से उपस्थित रहेंगी।

# चोरी गई अर्टिगा कार सहित चोर इंदौर से पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए काली पठार से चोरी गई 14.50 लाख रुपए की अर्टिगा कार जब्त करते हुए आरोपी को इंदौर से गिरफ्तार किया है। यहां उल्लेखनीय है कि काली पठार निवासी फरियादी बृजेश गोस्वामी ने दिनांक 10.01.2026 को शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी अर्टिगा कार क्रमांक MP09 AF 6665 जो घर के बाहर खड़ी थी। उसको अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम का गठन किया गया। शहर थाना पुलिस द्वारा गुलाबगंज पुलिस के सहयोग से तत्काल घेराबंदी कर चोरी गई अर्टिगा कार क्रमांक MP09 AF 6665 को बरामद किया गया एवं आरोपी अरबाज खान पिता शकील खान, निवासी चंदन नगर इंदौर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। विवेचना में यह तथ्य सामने




आया है कि आरोपीगण द्वारा उक्त वाहन को इंदौर से किराये पर लेकर फरियादी को 9,00,000 में बेचने का प्रयास किया गया था, जिसमें से लगभग 8,30,000 रुपए की राशि प्राप्त कर ली गई थी। वाहन स्वामी द्वारा वाहन विक्रय से इंकार किए जाने पर प्रकरण में आगे की विवेचना जारी है।

उक्त कार्रवाई में शहर थाना निरीक्षक संजय बेदिया, मोहर सिंह मंडेलिया, सुरेश रघुवंशी, सतेन्द्र रावत, सुरेश राय, योगेन्द्र शर्मा, संतोष मरकाम, उर्जन सिंह, राहुल शर्मा, सुरेन्द्र मुवैल, मोहन मालवीय, अरूण छारी, नीलेश कटारे, अनिल यादव, आकाश मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा।

### विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों में पहुंचे विधायक हरिसिंह रघुवंशी

# निष्पक्ष और स्वस्थ लोकतंत्र का आधार है शुद्ध मतदाता सूची: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने क्षेत्र में चुनाव आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य SIR की समीक्षा की। जिसमें बीएलओ के द्वारा किए गए कार्य की जानकारी ली गई। वहीं ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्षों से पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने की अपील की गई। इसी दौरान ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक नवीन मतदाताओं को शामिल करने और मतदाता सूची के शुद्धिकरण में सहयोग करने का संकल्प लिया।

विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ककरावदा, सिरनोटा, त्योंदा, ग्यारसपुर, रसूलपुर सहित क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया। विधायक ने विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान 2003 की मतदाता सूची के मिलान से वंचित मतदाताओं की सूची, मृतक, स्थानांतरित और अनुपस्थित मतदाताओं की जानकारी ली।




गंजबासौदा। विधायक ने नव मतदाताओं का किया स्वागत



गंजबासौदा। एसआईआर को लेकर ग्रामीणों से चर्चा करते विधायक

इसी दौरान मतदान केंद्रों के अंतर्गत नवीन पात्र लोगों को मतदाता सूची में जोड़ने की समझाईश दी, साथ ही नवीन मतदाताओं के आवेदन जमा करवा कर उनका माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र वाला देश है। निष्पक्ष और स्वस्थ लोकतंत्र का आधार शुद्ध मतदाता सूची होती है। इसके शुद्धिकरण के लिए चुनाव आयोग द्वारा विभिन्न अभियान चलाए जाते हैं। जिसमें हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि इसमें हम पूर्ण सहयोग करें।


जो मतदाता ग्राम से बाहर चले गए, जिनकी मृत्यु हो गई, दोहरी प्रविष्टि और अन्य स्थानों पर नाम वाले मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से पृथक किए जाएं। वहीं जिन मतदाताओं की जानकारी में अशुद्धियां है, उनकी फोटो और जानकारी को शुद्ध किया जाए। ग्रामीणों से अपील करते हुए विधायक ने बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि आंचल में कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए। इसको लेकर ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवीन और पात्र लोगों को मतदाता सूची में शामिल करने का संकल्प लिया। इस दौरान ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह रघुवंशी, सिरनोटा मंडल अध्यक्ष नीलेश मीणा, त्योंदा मंडल अध्यक्ष रोहित कुर्मी, SIR विधानसभा प्रभारी जितेंद्र मैना, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह रघुवंशी, ग्यारसपुर मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर, मुकेश कुमार सोनी सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता, ग्रामीण जन और प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

# नवांकुर की चार पूर्व छात्राएं चयनित









हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

77 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर नवांकुर की तीन पूर्व छात्राऐं प्रज्ञा सक्सेना, खुशी रघुवंशी तथा वाणी राठौर का चयन राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए तथा एक पूर्व छात्रा अपूर्वा अवस्थी का चयन राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इस शिविर का आयोजन 1 से 31 जनवरी तक नई दिल्ली में किया जा रहा है, जहॉं ये तीनों छात्राऐं फिलहाल राष्ट्रपति को सलामी देने की रिहर्सल कर रही हैं। उपर्युक्त छात्राओं में प्रज्ञा सक्सेना राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविका है, जबकि खुशी रघुवंशी एनसीसी (एयर विंग) तथा वाणी राठौर एनसीसी (आर्मी विंग) की कैंडिडेट है। अपूर्वा अवस्थी राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता बेंगलुरु में सहभागिता कर रही है। उल्लेखनीय है कि चारों छात्राऐं नवांकुर की पूर्व छात्रा रही हैं तथा वर्तमान में एक्सीलेंस कॉलेज भोपाल में अध्ययन कर रही हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित सहित विद्यालय परिवार ने चारों छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत अंडर 18 पिट्टू का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के तहत अंडर 18 पिट्टू का आयोजन तारण तरण पाठशाला ग्राउंड में राइजिंग पब्लिक स्कूल एवं तारण तरण जैन हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा किया गया। जिसमें शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राइजिंग पब्लिक स्कूल, तारण तरण हायर सेकेंडरी स्कूल-विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। जिसमें बालक वर्ग में राइजिंग पब्लिक स्कूल की टीम विजेता रही एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की टीम उपविजेता रही एवं बालिका वर्ग में शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की टीम विजेता रही एवं राइजिंग पब्लिक स्कूल की टीम उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता के रेफरी हर्ष रघुवंशी एवं हिमांशु तोमर रहे। कार्यक्रम में विनोद कुमार जैन वरिष्ठ शिक्षक, गौरव समैया डायरेक्टर राइजिंग पब्लिक स्कूल, कुसुम सिंह तोमर प्राचार्य तारण तरण जैन हायर सेकेंडरी स्कूल, थॉमस फ्रांसिस प्राचार्य राइजिंग पब्लिक स्कूल, समस्त स्टाफ राइजिग पब्लिक स्कूल एवं समस्त स्टाफ तारण तरण जैन हायर सेकेंडरी स्कूल उपस्थित थे। कार्यक्रम आयोजन की व्यवस्था ब्लॉक समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं अनिकेत रघुवंशी पीटीआई राइजिंग पब्लिक स्कूल द्वारा की गई।

### सारेगामा के फाइनल के साथ मेले का समापन आज

**गंज बासौदा।** नपा परिषद द्वारा आयोजित भव्य रामलीला मेले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वहीं बुधवार को सारेगामा प्रतियोगिता का फायनल मुकाबला सायं 7 बजे से किया जाएगा। जिसके साथ ही श्री राम लीला मेले का भव्य समापन होगा। श्री राम लीला मेंला समिति ने गणमान्य नागरिकों से समापन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# लोकगीतों में जित्तू खरे ने बांधा देर रात तक समा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



श्री रामलीला वार्षिक मेले के आयोजन में सोमवार की शाम लोकगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बुंदेलखंड के कलाकार जित्तू खरे बादल द्वारा एक से बढकर एक लोकगीत की प्रस्तुति देकर दर्शकों को आनंदित किया गया। कार्यक्रम में नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्र से भी बडी संख्या में दर्शक पहुंचे। इस वर्ष भी जित्तू खरे के कार्यक्रम नगर पालिका द्वारा पूर्व में भी आयोजित किए गए हैं। जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग आते हैं। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, एसडीएम संतोष बिटोलिया, तहसीलदार अरविंद यादव, नगर पालिका सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, मेला समिति अध्यक्ष पार्षद भारती सरदार अहिरवार, नारायण सोनी, मनीष विश्वकर्मा, सुनील साहू, शिवम रघुवंशी मूलचंद अहिरवार, धर्मेंद्र कुशवाहा ने कार्यक्रम की शुरुआत राम दरबार का पूजन अर्चन कर की। इसके बाद बुंदेलखंड के कलाकारों का मंच से सम्मान भी किया गया। इसके बाद लोकगीत गायक जित्तू खरे बादल ने अपनी बुंदेलखंडी बौछार गीत सुना कर समा बांध दिया और लोग उन गीतों पर धिरकते हुए नजर आए। देर रात तक लोकगीतों का कार्यक्रम चलता रहा। मेले में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से शहर थाने का पुलिस बल भी तैनात रहा।



# तैयारियों को लेकर रघुवंशी समाज की बैठक 17 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


रघुवंशी समाज के जिला स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं करियर काउंसलिंग कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित एवं अधिकतम सहभागिता के साथ आयोजित करने को लेकर समाज की एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय सुझावात्मक बैठक 17 जनवरी शनिवार को दोपहर 2 बजे से बस स्टैंड विदिशा स्थित रघुवंशी समाज धर्मशाला में आयोजित की गई है। रघुवंशी समाज के जिला अध्यक्ष मोहरसिंह रघुवंशी ने बताया कि बैठक में जिले की तहसीलों के नियुक्त पदाधिकारियों के अलावा जिले में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी वरिष्ठ, युवा प्रतिनिधि के साथ-साथ समाज के सभी स्वजातीय बंधु आमंत्रित हैं। परिचय सम्मेलन बस स्टैंड स्थित शहनाई गार्डन में संपन्न होगा। इस संबंध में भी तैयारियों की समीक्षा बैठक के दौरान की जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य परिचय सम्मेलन एवं करियर काउंसलिंग कार्यक्रम को अधिक प्रभावी,



उपयोगी और समाजोपयोगी स्वरूप देना है। इसके लिए आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाएं, जिम्मेदारियों का वितरण तथा आवश्यक सुझावों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में इस बात पर भी मंथन होगा कि करियर काउंसलिंग का लाभ समाज के अधिक से अधिक विद्यार्थियों, युवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों तक कैसे पहुंचाया जाए। साथ ही परिचय सम्मेलन के माध्यम से जिलेभर के युवक-युवतियों का सार्थक और सम्मानजनक परिचय समाज के समक्ष प्रस्तुत हो। बैठक के दौरान समाज सुधार, युवा सहभागिता तथा आगामी सामाजिक गतिविधियों से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। सभी स्वजातीय बंधुओं से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### दूज पर टोपा दर्शन के साथ होगा लीलाओं का समापन

# खिचड़ी उत्सव में हुए शबरी लीला के दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सदर बाजर स्थित मुरली मनोहर मंदिर में 22 दिसंबर से प्रारंभ हुआ खिचड़ी उत्सव लगातार जारी है। एक माह तक चलने वाले इस आयोजन में 18 जनवरी अमावस्या को भगवान की बारात ढोल बाजे के साथ चाचा वाली गली से निकाली जाएगी। जिसमें रुकमणी विवाह होगा। 20 जनवरी को अमावस्या की दूज के दिन टोपा दर्शन के साथ एक माह तक चलने वाले आयोजन का समापन होगा। प्रतिदिन भगवान की विभिन्न लीलाओं के रोज दर्शन भी कराए जाएं जा रहे हैं। पंडित बल्लभ भार्गव ने बताया कि माखन चोर की लीला, मनिहारी की लीला, सुदामा लीला के बाद मंगलवार को शबरी लीला के दर्शन कराए गए। आगामी दिनों में नरसिंह के भात के दर्शन भगवान का रुक्मणी के साथ विवाह और विदाई के दर्शन की झांकी सजाई जाएगी। रुकमणी के संग विवाह रचाने के लिए भगवान की बारात भी निकाली जाएगी। ज्ञात हो कि मुरली मनोहर मंदिर में विगत 26 वर्षों से खिचड़ी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन प्रतिवर्ष पौष शुक्ल पक्ष की दूज से प्रारंभ होता है। जो 1 माह तक चलता है। खिचड़ी उत्सव में भगवान कृष्ण की झांकी सजाकर उनकी विभिन्न लीलाओं के दर्शन कराए जाते हैं। अब तक झांकी दर्शन में जमुना जी की लीला, कृष्ण जन्म उत्सव, नाग लीला की झांकी सजाई जा चुकी है। अंत में टोपा दर्शन के साथ इस लीला का समापन होगा इस आयोजन में रुकमणी विवाह का आयोजन भी होता है जिसकी बारात इस बार भी निकाली जाएगी। मालूम हो कि मंदिर के मुखिया स्व. ओम प्रकाश भार्गव द्वारा 26 वर्ष पूर्व मंदिर में खिचड़ी उत्सव प्रारंभ किया गया था। पुजारी बल्लभ भार्गव के अनुसार प्रातः काल भगवान की विभिन्न लीलाओं के दर्शन नियमित रुप से कराए जा रहे हैं। लीला दर्शन के पश्चात आरती का आयोजन होता है महिलाओं द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाती है इसके बाद भगवान को खिचड़ी का भोग लगाकर इसका वितरण श्रद्धालुओं में किया जाता है। श्रद्धालुओं द्वारा खिचड़ी का भोग लगाकर वितरण किया जाता है।

# पचमा बायपास मार्ग पर फंसे भारी वाहन




**गंजबासौदा।** मंगलवार को दोपहर के समय नगर के सबसे व्यस्ततम पचमा बायपास मार्ग पर ट्रक और पार्सल वाहन के फंस जाने से देर तक जाम की स्थिति निर्मित होती रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर के समय बायपास मार्ग से वाहन गुजर रहे थे, उसी समय ट्रक और पार्सल वाहन फंस गए जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गईं। जाम हटने के इंतजार में दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य वाहन चालक देर तक परेशान होते रहे। यहां उल्लेखनीय है कि पचमा बायपास मार्ग पर यातायात का सर्वाधिक दबाव रहता है। इस मार्ग से सुबह से लेकर रात्रि तक सैकड़ों दो पहिया, चार पहिया, ट्रक, ट्रेक्टर, डंपर सहित अन्य भारी वाहनों की आवाजाही होती रहती है।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर में हुई 142 मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मिल रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से प्रति मंगलवार को नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर स्वर्गीय कमल अग्निहोत्री की पुण्य स्मृति में सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। शिविर में डॉ. राजकरण वर्मा, डॉ. रवि अहिरवार ने 142 से अधिक मरीजों की नेत्रों की जांच की और नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए। 39 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। शिविर में ग्राम खेजड़ा माफ़ी, राहतगढ़ की 13 वर्षीय कक्षा 8 वी की छात्रा को मोतियाबिंद की शिकायत मिली। उनको ऑपरेशन के लिए आनंदपुर भेजा गया। कैंप प्रभारी डॉ राजकरण वर्मा के निर्देशन में काउंसलिंग टीम के द्वारा 20 चश्मों का वितरण किया गया, 42 मरीजों को दवाइयां वितरित की गईं,



39 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले गए। मरीजों की बीपी और शुगर जांच भी की गई। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ऐसे नेत्र शिविर ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर लगाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव द्वारा मकर संक्रांति के तहत सभी मरीजों एवं जांच करवाने वालों को खिचड़ी का वितरण किया गया। शिविर में गणेशराम रघुवंशी, डॉ. ए के जैन, डॉ. राजकरण वर्मा, जगदीश अग्रवाल, रामकुमार शर्मा, सुरेंद्र भारद्वाज, डॉ. रवि अहिरवार, हेमंत भंडारी, हरीश सक्सेना, रामकुमार शर्मा उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि नेत्र रोगियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम में हमीर सिंह कुर्मी, अर्जुन सिंह कुर्मी, डबलू जैन, सरदार सिंह सिसोदिया ने सहयोग दिया।

## खबर संक्षेप

### कपूरचंद बैसाखिया तहलका स्मृति समारोह 16 को होगा

**सागर।** नगर की समस्त साहित्यिक संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में स्व. कपूर चंद बैसाखिया तहलका की स्मृति में काव्यांजलि, महफ़िले-अदब-2026 का आयोजन सरस्वती वाचनालय व पुस्तकालय के स्वराज भवन से 16 जनवरी दिन शुक्रवार को सुबह 11:00बजे से शाम 7:00बजे तक किया जाना है इस कार्यक्रम में नगर के युवा साहित्यकारों को मंच प्रदान करने का प्रयास किया गया है साथ ही मध्य प्रदेश के विभिन्न अंचलों के अलावा उत्तर प्रदेश से भी साहित्यकार इस आयोजन में शामिल हो रहे हैं। मुख्य अतिथि जयंत श्रीवास्तव, मायूस सागरी, पं.सुखदेव तिवारी होंगे।

### यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा को दी जा रही है प्राथमिकता

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर यात्रा कर रहे बरमान नर्मदा स्नान के लिए जाने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से घटना प्रबंधन टीम द्वारा लगातार सार्वजनिक घोषणाएँ की जा रही हैं, तथा सभी से सुरक्षा नियमों का पालन करने का अनुरोध किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के उद्देश्य से उनके हाथों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव बैंड लगाए जा रहे हैं तथा उनके वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप चिपकाई जा रही है। यह सभी प्रयास इसलिए किए जा रहे हैं, ताकि हाईवे पर उनकी यात्रा पूर्णतः सुरक्षित रहे और यातायात सुचारु एवं सुरक्षित बना रहे।

### प्राकृतिक खेती की राह अब होगी आसान

**सागर।** कलेक्टर सह अध्यक्ष आत्मा गवर्निंग बोर्ड संदीप जी आर के निर्देशानुसार, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बंडा के नेतृत्व एवं परियोजना संचालक आत्मा के मार्गदर्शन में प्राकृतिक खेती विषय पर विकासखंड स्तरीय कृषक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड बंडा के जनपद पंचायत सभागार मे किया गया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र देवरी डॉ. आशीष त्रिपाठी, तहसीलदार बंडा मोहित जैन, अनुविभागीय अधिकारी कृषि बंडा कुमुद बुनकर कोरी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बंडा यू.एस. अहिरवार आदि मौजूद थे।

### शहरवासियों को अपेक्षा इन प्राचीन धरोहरों को संरक्षित करेगा प्रशासन

# जिम्मेदारों की अनदेखी से शहर की पुरानी धरोहरें खंडहर में हुईं तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



छोटी सी ही वस्तु क्यों न हो, यदि तुम्हें अच्छी लगती है तो तुम उसे आगे तक के लिए संभाल कर रखते हो। आप नही चाहते कि आप की उस जरूरी वस्तु को कोई भी नुकसान पहुचाए। इसी तरह विदिशा जिले के शहर सिरोंज में भी सुन्दर और ऐतिहासिक महत्व वाली कई ऐसी इमारते हैं, जिनकां संभाल कर रखना जरूरी है। नगरवासियों को उन इमारतों की जानकारी दे रहे है, जिन्हें पुरातत्व की सूची में दर्ज किया है, लेकिन फिर भी इन इमारतो की देख रेख नही है। क्षेत्र में ऐसी कई जगह है जिन्हें देखकर यह यकीन नही होता कि उन्हें इंसान ने बनाया है।

हैरत तब होती है, जब यह सोचते है कि उस समय तो आज की तरह मशीने और तकनीक भी नही थी। ये इमारतें न सिर्फ देखने में सुन्दर है, बल्कि हमें अपने देश और संस्कृति की जानकारी भी देती है। ऐसी ही ऐतिहासिक धरोहरों को बचा कर रखने के लिए क्षेत्र के जन प्रतिनिधि व आम जनता को जागरूक होने की जरूरत है। प्राचीन पुरातात्विक अवशेष, पुराभिलेख आदि हमारे अतीत के गलियारों के सबसे विश्वसीय पथ-प्रदर्शक होते है। जिन्हें सहेज-संवारकर रखने की आवश्यकता है। इन प्राचीन धरोहरों में हमारी संस्कृति के अक्श छिपे होते है जिनके माध्यम से हम अपने पूर्वजों की बौद्धिक उपलब्धियों तथा उनकी सोच, उनके रीति रिवाज एवं अन्य सामाजिक व्यवहारों की जानकारी प्राप्त होती है। यही कारण है कि पुरानी संपदा को संरक्षित रखने के लिए पुरातत्व में शामिल किया जाता है। सिरोंज क्षेत्र की बात की जाए तो तस्वीर बहुत निराशा जनक दिखती है। यहां के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक धरोहर सरकारी उपेक्षा का शिकार होकर चौतरफा मार झेलते हुए अपने उद्धारक की बाट जोह रहे है। बात यहां के अलीगंज पहाड़ से शुरू करे तो इसकी गाथा बड़ी प्राचीन है। यही नही शहर में कई स्थानों पर बनी प्राचीन छत्रीयों का रहस्य अनोखा है। रावजी पथ की हवेली की दीवारों पर लगे पत्थरों की आकृतियों को देखकर लोग आश्चर्य चकित रह जाते है। वार्ड क्रमांक 14 में स्थित दिल्ली दरबाजा भी सिरोंज के इतिहास में बहु चर्चित है। नगर की कैथन नदी किनारे प्राचीन राम घाट व कार्तिक घाट की भी इतिहासिक गाथाएँ है।

#### स्थानीय प्रशासन प्राचीन धरोहरो को कर सकता है संरक्षित

एसडीएम हरि शंकर विश्वकर्मा एंव नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू व अन्य अधिकारियों की जो टीम शहर के विकास कार्या में तबाड तोड महनत कर एक अच्छा और सुंदर शहर बनाने का कार्य कर रही है। उससे सिरोंज के आम जनमानस की प्रशासन के प्रति शहर का सौदर्यकरण एंव विकास के प्रति एक उम्मीद जाग उठी है। शहर के नागरिकों को कहना है कि सिरोंज में जो प्राचीन भवन व इमारतें है। उन्हें प्रशासन संरक्षित कर उनकी मरम्मत कराकर अच्छी देखरेख करने के बाद यह स्थान शहर के दर्शनिक स्थल बन सकते है। यदि स्थानीय प्रशासन इस कार्य में रूची लेता है तो शहर के कई सामाजिक संगठन भी इस कार्य में आगें आकर सहयोग करने के लिए तैयार है।

#### आज भी पहुंचते है सैंकड़ों लोग

शहर के पश्चिमी भाग में पहाड़ी पर बने इस महल को अलीगंज पहाड के नाम से जाना जाता है। आज भी इसे देखने के लिए सैंकड़ो लोग पहुंचते है। कहा जाता है कि राजा महाराजाओं के शासन काल में जब कोई एलान करना होता था, तब इसी पहाड़ी पर लगे ढोल को बजाकर सूचना दी जाती थी। वही नगर के सिकंदपुरा में स्थित दिल्ली दरबाजे का भी इतिहास रहा है। जो कि इस समय पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर नष्ट हो चुका है। जिसे सवारने के लिए न तो जनप्रतिनिधीयों का इस और ध्यान है और न ही स्थानीय प्रशासन का जिस कारण शहर की समस्त प्राचीन धरोहर नष्ट होती

### भाजपा नेता तोषमणी पंथी ने

# मुख्यमंत्री संबल योजना के तहत मृतक के परिजनों को दिलाई सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



मुख्यमंत्री संबल योजना के तहत मृतक के परिजनों को अंत्येष्टि की 5 हजार रूपये की राशि प्रदान की गई। नगर के वार्ड क्रमांक 16 निवासी मोहन बाबू केवट की अचानक मृत्यु हो जाने की सूचना पार्षद प्रतिनिधि तोषमणी पंथी कन्ना को मिली तो उन्होंने इसकी सूचना तत्काल नगर पालिका को दी और तत्काल उनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर मुख्यमंत्री संबल योजना के अंतर्गत मृतक के परिजनों को अंत्येष्टि के रूप में मिलने वाली 5 हजार रूपये की राशि तत्काल प्रदान कराई। साथ ही उक्त राशि को स्वीकृत करवा कर उनके परिजनो को नपा कार्मचारियो को बुलवाकर दी।

इस योजना के तहत मृतक के परिजन को सामान मृत्यु पर 2 लाख रुपए की राशि और दुर्घटना पर 4 लाख रुपए की राशि शासन द्वारा दी जाती है। उसी के तहत भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तोषमनी पंथी कन्ना ने नगर पालिका के संबल योजना के कर्मचारी महेश पंथी और दिलीप नामदेव को बुलाकर तत्काल मृतक मोहन बाबू केवट की पत्नी को 5 हजार रूपये की नगद राशि उनके घर पहुंच कर उनको प्रदान की तथा उनको विश्वास दिलाया। जल्दी उनको 2 लाख की राशि और शासन द्वारा दी जायेगी। सांथ ही मोहन बाबू केवट के मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया तथा उनके परिजनों को हर संभव मदद करने के लिए विश्वास दिलाया।

## पुलिस थाने में स्लाटर हाउस एवं चिकन शॉप संचालकों की बैठक हुई आयोजित



**सिरोंज।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन पर एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा,पुलिस एसडीओपी सुश्री सोनू डाबर,नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू,थाना प्रभारी विमलेश कुमार राय की उपस्थिति में पुलिस थाने में नगर में संचालित स्लाटर हाउस,चिकिन,मटन शॉप के संचालकों की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर बैठक में समस्त स्लाटर हाउस,चिकिन,मटन शॉप संचालको को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसमें मुख्य रूप से मांस के परिवहन, खुले में मांस विक्रय किसी भी परिस्थिति में ना करने की समझाइश दी गई एवं ऐसा करते पाए जाने पर उचित कार्यवाही की जाए।

## युवा दिवस पर ग्राम केंकरा में हुई शराबबंदी

**गढाकोटा।** रहली विधानसभा के ग्राम केंकरा में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती (युवा दिवस) के अवसर पर समस्त ग्रामवासियों ने सामूहिक बैठक कर गाँव में समाज सुधार हेतु शराबबंदी का निर्णय लिया। गांव के सभी जाति समाज के लोगों ने गाँव के शिव मंदिर प्रांगण में सार्वजनिक बैठक कर शराबबंदी का फैसला किया। शराबबंदी के इस समाज सुधार कार्य में बड़ी संख्या में माता बहनों ने हिस्सा लिया। महिलाओं ने स्वयं पर हो रहे अत्याचार की व्यथा सुनाई। मायारानी अहिरवार ने बताया कि उसके घर में पति शराब पीकर रोज लड़ाई झगड़ा करते है। स्कूली छात्र- छात्राओं ने भी बताया पापा शराब पीकर आते हैं ओर झगड़ा करते है जिससे हमारी पढ़ाई भी नहीं हो पा रही है। गाँव में बिक रही अबैध शराब इसका मुख्य कारण है। गाँव के बुजुर्गों ने शराबबंदी को प्राथमिकता से लागू करने की बात कही। वहीं नशा मुक्ति अभियान में भगवती मानव कल्याण संगठन ने शराबबंदी करवाने में अपना अहम योगदान दिया। अबैध शराब मिलने से गाँव के छोटे छोटे बच्चे नशे की चपेट में आ रहे है। शराबबंदी में निर्णय लिया गया कि अब गाँव में जो व्यक्ति अबैध शराब बेचेगा उस पर 20000 का जुर्माना और शराब पीकर गाली गलौच करने वालों पर 5000 का अर्थदंड साथ ही पुलिस कार्यवाही की जायेगी। शराबबंदी के इस सामाजिक कार्य में अनेक ग्रामीण जनों ने अपने अपने विचार रखे जिनमें गोपाल बिलवार, कमलेश चौधरी,किशोरी लाल चौधरी, लीलाधर आचार्य, उप सरपंच दीपक कठोंदया, संतोष चौधरी, झुन्नीलाल प्रसाद, रमली तलैया वारे,सतीराम चौधरी,नीतेश कुर्मी,हल्ले भाई, रामायण मंडल के अनेक सदस्यों के साथ साथ गुल्ली अहिरवार,बिहारी अहिरवार ने शराबबंदी के समर्थन में बात कही।

## विधानसभा स्तरीय 7 दिवसीय फिजिकल प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

**गढाकोटा।** युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की 163 वीं जयंती के पावन अवसर पर गढ़ाकोटा के गोपाल जी खेल परिसर स्थित सरदार पटेल खेल स्टेडियम में विधानसभा स्तरीय 7 दिवसीय फिजिकल प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ अभिषेक भार्गव ने किया। इस अवसर पर भार्गव ने कहा कि यह प्रयास ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने एवं राष्ट्रसेवा हेतु सक्षम,अनुशासित और सशक्त युवा तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कदम है।इस शिविर के माध्यम से सरदार पटेल खेल स्टेडियम,गढ़ाकोटा में अनुभवी कोच एवं खेल प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न भर्तियों हेतु उच्च स्तरीय शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।प्रशिक्षण के अंतर्गत दौड़,लंबी कूद,गोला फेंक सहित भर्ती से संबंधित सभी आवश्यक विधाओं का अभ्यास कराया जाएगा।साथ ही सभी प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रतिदिन पौष्टिक आहार एवं दूध की समुचित व्यवस्था भी की गई है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने कहा कि पं. गोपाल भार्गव द्वारा आयोजित होने वाला यह निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर प्रतिभागियों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। जहाँ अनुभवी विशेषज्ञ ट्रेनर्स,पुलिस एवं सेना के अधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों को उत्तम शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है जिससे प्रतिभागियों को पुलिस,वनरक्षक,आर्मी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं का फिजिकल पास करने में काफी आसानी जाती है, हम सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते है। इस अवसर भारतीय सेना से सेवानिवृत्त प्रहलाद सिंह,अवधेश प्रताप आदि मौजूद थे।

## 23वां सवा करोड़ लेखन जप प्रारम्भ

**सागर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सिरोंजा परिसर स्थित मंदिर में विराजमान सिद्ध श्री संकटमोचन सरकार की प्रेरणा एवं विशेष कृपा से क्षेत्र वासियों के द्वारा श्री सीताराम नाम लेखन की शुरुआत अप्रैल सन 2012 से हुई थी जो वर्तमान में भी अनवरत जारी है। उक्त जानकारी जारी प्रेस विज्ञप्ति में श्री सीताराम नाम बैंक जिला शाखा हनुमान दुर्गा भैरव धाम मंदिर के सहव्यावस्थापक पंडित बृजेश द्विवेदी ने बताई ।

# सरें भरते हुए श्रद्धालुओं के जत्थे जा रहे मां नर्मदा के तट

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

### नर्मदा मैया के प्रति अटूट आस्था विश्वास, हर हर नर्मदे के जयकारे के साथ आगे बढ़ रहे श्रद्धालु



नर्मदा मैया के प्रति संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र के ग्रामों नगरों में भारी आस्था विश्वास का माहौल है। प्रत्येक पूर्णिमा अमावस्या पर हजारों नर नारी पुण्य के स्नान डुबकी लगाने की प्राचीन परंपरा बनी हुई है मकर संक्रांति पर्व की संपूर्ण क्षेत्र में तैयारियां शुरू हो गई हैं। ग्रामीण एवं नगर से नर्मदा मैया के जयकारे लगाते हुए नर नारियों के जत्थे नर्मदा तटों की ओर बढ़ रहे हैं।

नर्मदा मैया से कोई मनोकामना करने या धार्मिक श्रद्धालु की मनोकामना पूर्ण होने पर सरें भरी जाती है। नर्मदा मैया के चित्र हाथों में एक नारियल और पूरे शरीर को बार-बार धरती पर डालकर आगे बढन्ना होता है। इस प्रक्रिया को ही सरें या पिंड भरना कहा जाता है असहनीय भीषण सर्दी में बार-बार शरीर को धरती मार्ग पर डालने के दौरान कंकड़ पत्थर पानी गिली भूमि भी नर्मदा भक्तों को आगे बढऩे से नहीं रोक पाती है। नर्मदा मैया के प्रति आस्था भक्ति और विश्वास की शक्ति से सुबह से शाम तक सरें भरते हुए हर-हर नर्मदे के जयकारों के साथ श्रद्धालु कई कई किलोमीटर सरें भरकर नर्मदा तटों पर पहुंचते हैं। नर्मदा मैया की विशेष पूजन आरती के साथ भंडारे भी कराते हैं।

#### चाय नाश्ते की व्यवस्था -

भीषण ठंड के मौसम में सरें भरना अत्यधिक कठिन होता है परंतु नर्मदा मैया की शक्ति और भक्ति सरें भरने वालों का सहारा बनी रहती हैं।सरें भरने वाले जत्थो को स्थान स्थान पर चाय नाश्ते की व्यवस्था समाजसेवियों धार्मिक श्रद्धालुओं द्वारा की जाती हैं।जत्थों द्वारा नर्मदा मैया के भजन जस स्तुति कर रात्रि विश्राम और अगले दिन की सरों की यात्रा शुरू की जाने की परंपरा है।

# मकर संक्राति पर्वः नर्मदा तटों पर लगेगा श्रद्धालुओं का मेला

### नर्मदा मैया में हजारों लगाएंगे पुण्य की डुबकी

### मकर सक्रांती पर गुड, तिल के लड्डू खाने और खिलाने की परम्परा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



सम्पूर्ण नर्मदा क्षेत्र के ग्राम-ग्राम में मकर सक्रांती पर और नर्मदा तटों पर पहच कर नर्मदा मैया में पुण्य की डुबकी लगाने की तैयारियां चल रही है। मकर सक्रांती .14 जनवरी को मनाने की परम्परा है। इस वर्ष 14 एवं 15 जनवरी को मकर सक्रांती पर्व मनाया जाएगा।

मकर सक्रांती से सूर्य भगवान अपनी दिशा बदलकर उत्रायण होने के साथ मकर राशि में प्रवेश करते है। रितु परिवर्तन के इस पर्व पर सदियों से पवित्र नदी सरोवर में स्नान की परम्परा के साथ तिल तिल्ली अन्न वस्त्र दान करने की परम्परा है। मकर सक्रांती पर देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाडी, तहसीलों के दर्जनों नर्मदा तटों पर श्रद्धालुओं का रेला उमडने के साथ नर्मदा मैया में पर्व पुण्य की डुबकी लगाई जाएगी।

तीन-चार दशक पूर्व तक मां नर्मदा के उत्तर तट स्थित साधु संतों की तपोभूमि बगलवाड़ा में एक माह मेला भरने की प्राचीन परंपरा थी बगलवाड़ा के दोनों तरफ दो नदियों तेंदोनी एवं बारना नदी का संगम है। बहुत कम भाग उत्तरी है जो मांगरोल से प्रारंभ होकर मोतलसिर तक है।

उत्तर तट पर बसे ग्रामों में मिट्टी का किनारो और दक्षिण में नर्मदा रेत का अकूत भंडार है। मकर संक्रांति पर नर्मदा तटों के घाटों पर मेला भरने की प्राचीन परंपरा है। बगलवाडा का एक माह लगने वाला मेला सिमट कर अब कुछ दिनों का रह गया है।

#### तिल गुड़ की बड़ी बिक्री

मकर संक्रांति पर तिल तेल से स्नान करने की परंपरा है तिल गुड़ के लड्डू खाने खिलाने और दान करने की भी परंपरा है जिसका धार्मिक श्रद्धालुओं द्वारा आज भी पालन किया जाता है घरों में तिल तिल्ली गुड़ के लड्डू बनाने के कारण गुड़ और तिल्ली की मांग बढऩे के साथ भाव भी बढ़ गए हैं अब रेडीमेड लड्डू, गुड़पट्टी और गजक इत्यादि का भी परिवारों में उपयोग होने लगा है।

# रेट में तेजी से बढ़ी आवक, प्रतिदिन मंडी में आ रही सौ से डेढ़ सौ ट्रॉली

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



कृषि उपज मंडी में धान के भाव में होने वाली बढ़त को लेकर एक सप्ताह से आवक में तेजी देखी जा रही है। कृषि उपज मंडी में जहां अनाज व्यापारियों के द्वारा धान की खरीदी की जा रही है तो वहीं इसके साथ राइस मिलर और बाहर की कंपनियों के द्वारा भी बड़ी मात्रा में धान की खरीदी की जा रही है। क्षेत्र में लगभग 65 हजार हेक्टेयर से अधिक में क्षेत्र के किसानों के द्वारा धान की रोपाई की गई थी जिसकी कटाई के साथ ही मंडी में धान की आवक प्रारंभ हो गई थी अब तक मंडी में 151666.27 टन की खरीद की जा चुकी है।

आवक और खरीदी को देखते हुए व्यापारियों के द्वारा जहां सुबह खरीदी की जाती है वही शाम को खरीदे हुए माल को मंडी से बाहर निकाल लिया जाता है ताकि दूसरे दिन सुगमता से नीलामी बोली हो सके। मंडी से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जहां पूर्व में धान कटाई प्रारंभ के साथ ही प्रतिदिन ढाई सौ से 300 ट्रैक्टर ट्राली मंडी में धान नीलामी के लिए आई थी तो वहीं वर्तमान में 100 से 150 ट्रैक्टर ट्राली धान नीलामी के लिए आ रही है। 1 जनवरी से 13 जनवरी तक मंडी में 31209 क्विंटल धान बिकने के लिए आई। साथ ही चना गेहूं मसूर सहित अन्य उपज भी नीलामी के लिए मंडी में लाईजा रही है। आवक और खरीद में तेजी के हिसाब से अगले 10 दिनों में सीजन के पूरा होने का अनुमान है।

### समय पर ऑक्सीजन नहीं मिलने पर गंभीर महिला ने तोड़ा दम

# उदयपुरा के अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट बना दिखावा

### उदयपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोरोना काल के दौरान लाखों रुपए की राशि खर्च कर ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली




उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत उदयपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोरोना काल के दौरान लाखों रुपए की राशि खर्च कर ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया था। जिसका लाभ मरीजों को नहीं मिल रहा है। पिछले 2 दिन में हुई घटनाओं में जब गंभीर मरीजों को जरूरी ऑक्सीजन नहीं मिला तो एक वृद्ध महिला ने उदयपुरा में एवं एक ट्रक चालक ने भोपाल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

ऑक्सीजन गंभीर मरीजों को समय पर न मिलने की स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की उदासीनता एवं लापरवाही उजागर हुई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का ऑक्सीजन प्लांट भी सिर्फ दिखावा साबित हो रहा है।

फोर लेन 45 पर ट्रक और ट्राले की टक्कर में दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हुए बामुश्किल दोनों घायलों को वाहनों से बाहर निकाला गया। एक-दो घंटे तक एंबुलेंस का इंतजार होता रहा और गंभीर घायल चालक तड़पते रहे। दोनों चालकों को भोपाल एम्स रेफर किया जहां एक चालक दीपेंद्र पटेल की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई नहीं।

#### ऑक्सीजन प्लांट, फिर भी वृद्धा को नहीं मिल सकी ऑक्सीजन

एक महिला को परिजन गंभीर बीमार स्थिति में अस्पताल लाए जिसे तत्काल ऑक्सीजन की जरूरत थी। अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट होने के बाद भी ऑक्सीजन की व्यवस्था न होने से वृद्ध महिला ने तहसीलदार के सामने ही दम तोड़ दिया जिससे अस्पताल में उपस्थित लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बदतर व्यवस्थाओं ऑक्सीजन प्लांट के दिखावा बने पर आक्रोशित होते रहे पूर्व में भी ऑक्सीजन प्लांट होने के बाद ऑक्सीजन न मिलने से अनेक लोगों की असमय में मौत होने की घटनाएं हो चुकी हैं। वहीं आपातकालीन सेवाओं दुर्घटनाओं के समय खिरीया टोल प्लाजा पर व्यवस्थाएं ना होने से घायलों की आम नागरिकों द्वारा मदद की जाती है।

## किसानों की बढ़ेंगी मुसीबतें, किसान संगठनों ने दी आंदोलन की चेतावनी

# जिला विपणन विभाग की सोसाइटियों पर डेढ़ अरब की राशि बकाया, खाद सप्लाई किया बंद

**खुले बाजार या जिला विपणन संघ की गोदाम से अब यूरिया खाद नकद राशि में ही दी जाएगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला विपणन विभाग को जिले की सोसाइटियों से करीब डेढ़ अरब रुपए की बकाया राशि लेना है। बार-बार तकाजा के बाद भी को-ऑपरेटिव बैंक के अधिकारियों ने राशि जिला विपणन विभाग को नहीं दी। ऐसी स्थिति में मंगलवार से जिला विपणन विभाग द्वारा सोसाइटियों को खाद सप्लाई करना बंद कर दिया है। ऐसे में किसानों की मुसीबत और बढ़ जाएगी।

रबी सीजन की फसलों में इस समय खाद की सबसे ज्यादा जरूरत है, लेकिन जिले के किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही है। कृषक सेवा सहकारी समितियों और संजय नगर रायसेन की खाद गोदाम सहित वितरण केंद्रों पर यूरिया खाद सहित अन्य खाद की मारामारी मची हुई है। हालात यह हैं कि किसानों को खाद के लिए कूपन 8 से 10 दिन बाद दिए जा रहे हैं। जिससे रबी सीजन की गेहूं, चना, मटर सहित अन्य दलहनी फसलों की बढ़वार पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है।

### फसलों पर पड़ेगा सीधा असर

नकतरा कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ स्वप्निल दुबे सहित किसानों का कहना है कि यदि समय पर यूरिया नहीं मिला तो उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा। पहले ही मौसम की मार झेल रहे किसानों के लिए यह स्थिति दोहरी परेशानी बन गई है। खेतों में समय पर खाद न पड़ने से दाने भरने की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।



### विभाग के दावे, जमीन पर संकट

जिला कृषि विभाग और विपणन विभाग भले ही चाहे पर्याप्त स्टॉक होने की बात कर रहा हो। लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट नजर आ रही है। किसानों ने मांग की है कि सहकारी समितियों पर स्टॉक बढ़ाया जाए और कूपन वितरण की प्रक्रिया को सरल किया जाए। ताकि समय पर खाद मिल सके। इसके बाद भी जिले के किसानों को परेशान होना पड़ रहा है।

### लंबी कतारें, फिर भी खाली हाथ लौट रहे किसान

रबी की फसलें इस वक्त टॉप ड्रेसिंग के दौर में हैं। गेहूं, चना, मसूर और सरसों की फसलों को यूरिया की सख्त जरूरत है। लेकिन किसान सुबह से शाम तक कृषक सेवा समितियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। किसानों का कहना है कि नाम दर्ज कराने के बाद भी उन्हें अगले सप्ताह या उससे भी बाद की तारीख मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों की कृषक सेवा सहकारी समितियों पर किसानों की रोज लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। खाद के सीमित स्टॉक के चलते कई किसान बिना खाद लिए ही अपने घर बैरंग लौट रहे हैं।

### तानाशाही नहीं बर्दाश्त

किसानों पर किसी भी तरह की जुल्म ज्यादती और तानाशाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जल्द ही जिला विपणन विभाग और सरकार के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। हम किसानों के हित भलाई में काम कर रहे हैं।
- **इरफान जाफरी,** संरक्षक, मप्र किसान जागृति संगठन।

### जिले की 113 सोसाइटी डिफाल्टर, डेढ़ अरब की भारी राशि बकाया

जिला विपणन संघ का कोऑपरेटिव बैंक के अधीन सोसाइटियों पर खाद के लगभग डेढ़ अरब रुपए बकाया है। ऐसी स्थिति में शासन के आदेश पर जिला विपणन अधिकारी कल्याण सिंह ठाकुर ने कृषक सेवा सहकारी समितियां को मंगलवार से खाद देना बंद कर दिया है। क्योंकि यह राशि लंबे समय से बकाया थी कई बार कोऑपरेटिव बैंक के आला अधिकारियों को हिदायत देने के बाद भी बकाया राशि जमा नहीं की। एमडी श्री ठाकुर ने बताया कि जिले की 113 सोसाइटी डिफाल्टर है। वह राशि जमा करने में आनाकानी कर रही थी। उन्होंने बताया कि खुले बाजार या जिला विपणन संघ की गोदाम से अब यूरिया खाद नकद राशि में दी जाएगी। ऐसे में किसानों की परेशानी और भी बढ़ गई है।

मालूम हो कि एक दिन पहले ही रबी सीजन के बीच यूरिया खाद के लिए भटक रहे किसानों का गुस्सा उबाल पर आ गया था, जिन्होंने सड़क पर आकर चक्करजाम कर दिया था। किसानों का आरोप है कि तत्काल यूरिया खाद देने से मना कर दिया। इसके बाद नाराज किसानों ने खाद गोदाम से बाहर निकल कर सड़क पर बैठ गए और 9 बजे के बीच चक्काजाम शुरू कर दिया।

## मंत्रि-परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री ने दी सौगात

# जिले की दो तहसीलों को सिंचाई के लिए मिलेंगे 502 करोड़ रु

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मंगलवार को मंत्रालय में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में रायसेन जिले की सिंचाई परियोजनाओं के लिए राशि 502 करोड़ रू से अधिक की स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया गया। सीएम डॉ मोहन यादव से स्वास्थ्य राज्यमंत्री एवं विधायक नरेन्द्र शिवाजी पटेल के नेतृत्व में बरेली क्षेत्र के किसानों द्वारा भेंट कर सिंचाई परियोजना की स्वीकृति के लिए आभार व्यक्त किया गया।

मंत्रि-परिषद द्वारा जिले की बरेली तहसील की बारना उद्वहन सिंचाई परियोजना लागत 386 करोड़ 22 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। इससे बरेली के 36 ग्रामों की 15 हजार हैक्टेयर भूमि में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी।

**सीएम डॉ यादव को राज्यमंत्री श्री पटेल के नेतृत्व में किसानों ने भेंट कर सौगात के लिए दिया धन्यवाद**



इसी प्रकार जिले की तहसील सुल्तानपुर उद्वहन सिंचाई परियोजना लागत 115 करोड़ 99 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई। इससे सुल्तानपुर के 20 ग्रामों की 5,700 हैक्टेयर भूमि में सिंचाई उपलब्ध होगी।

**मतदान केंद्र 20-21 का लिया जायजा**



## एसडीएम-बीएलओ से ली जानकारी

# संभागायुक्त ने एसआईआर की कार्य प्रगति का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सोमवार को भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने सांची अंतर्गत पीएमश्री शासकीय हासे स्कूल दीवानगंज में मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मतदान केंद्र क्रमांक 20 एवं 21 का निरीक्षण किया गया।

एसआईआर मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बीएलओ से फॉर्म 6, 7 तथा 8 के कार्य प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण के दौरान एसडीएम मनीष शर्मा तथा बीएलओ से विस्तृत जानकारी ली तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सटीकता, पारदर्शिता व समय पर करने के निर्देश देते हुए कहा कि डोर टू डोर सत्यापन के दौरान मृत, स्थानांतरित एवं दोहरे नामों की पहचान सजगता से की जाए और दस्तावेजों का परीक्षण गंभीरता से हो।

संभागायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची का अद्यतन और त्रुटि रहित होना लोकतंत्र की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी निष्ठा और गंभीरता से दायित्वों का निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार, बीएलओ भी उपस्थित थे।

## दो बाईकों के टक्कर में एक की मौत, दो घायल

■ जन्मदिन पार्टी में शामिल होने आ रहे था युवक

**गैरतगंज।** सिलवानी-गैरतगंज हाईवे पर ग्राम कर्मोदी के समीप जंगल में हीरापुर सुर्खी जिला सागर निवासी भूपेंद्र लोधी, मनोज लोधी की बाइक खपड़िया जिला नर्मदापुरम निवासी राहुल यादव की बाइक से आमने सामने टकरा गई। हादसे में राहुल यादव की मौत हो गई। राहुल अपने रिश्तेदार के यहां जन्म दिन पार्टी में गैरतगंज के ग्राम सहजपुर आ रहे थे, लेकिन कर्मोदी पर हुए दुर्घटना में उनकी मौत हो गई, जिससे परिवार में मातम का माहौल छा गया।

# नपा ने फूड विक्रेताओं को हाइजीनिक फूड बेंचने दिए निर्देश

**एसडीएम मनीष शर्मा की मौजूदगी में नपा के हाल में कार्यशाला आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के पथ विक्रेताओं के लिए कार्यशाला एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एसडीएम मनीष शर्मा, तहसीलदार भरत सिंह मांडले, सीएमओ सुरेखा जाटव, थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल, ट्रैफिक पुलिस अधिकारी लता मालवीय सहित नपा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए एसडीएम मनीष शर्मा ने सड़क किनारे फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पथ विक्रेता ठेले निर्धारित स्थानों पर ही लगाएं। ताकि यातायात बाधित न हो और आमजन को




परेशानी न हो। साथ ही फूड विक्रेताओं को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए हाइजीनिक तरीके से खाद्य सामग्री का विक्रय करने के निर्देश दिए।तहसीलदार भरत सिंह मांडले ने कहा कि पथ विक्रेताओं को शासन के नियमों का पालन करना होगा। इससे न केवल उनकी आजीविका सुरक्षित रहेगी। बल्कि शहर की व्यवस्था भी बेहतर होगी।

वहीं सीएमओ ने फूड सेफ्टी, स्वच्छता और कचरा प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी दी। अगर दुकानों के बाहर कचरा गंदगी नजर आई तो दुकानदारों के विरुद्ध जुर्माने कार्रवाई की जाएगी।कार्यशाला के दौरान अधिकारियों ने पथ विक्रेताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ और व्यवस्थित शहर बनाने में सभी की सहभागिता जरूरी है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निराकरण किया गया। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा कर निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य तहसीलों से आए आवेदकों की समस्याओं के निराकरण हेतु वीसी के माध्यम से निर्देशित किया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर मनोज कुमार उपाध्याय तथा जिला अधिकारी




उपस्थित रहे। अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित अन्य अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से जनसुनवाई में उपस्थित रहे।

# नगर में सकल हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

संघ के शताब्दी वर्ष पर सांची नगर में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन आगामी 19 जनवरी को श्रीरामलीला मैदान में होने जा रहा है। मंगलवार को सकल हिंदू समाज श्रीहनुमान मंदिर कान्हाखेड़ा से शोभायात्रा के रूप में श्रीरामलीला मैदान पर पहुंचे। इसके बाद विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

आयोजन समिति द्वारा भूमि पूजन कार्यक्रम में सकल हिंदू समाज की अधिक से अधिक सहभागिता के लिए आव्हान किया था। भूमिपूजन कार्यक्रम को भव्य



बनाने माताओं-बहनों एवं युवओं ने पुरजोर मेहनत की। इसमें आयोजन में नगर के साथ-साथ स्कूली बच्चों तथा आसपास के ग्राम वासियों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया।

मंगलवार से आगामी 19 जनवरी तक आए दिन आयोजन समिति के सदस्य सभी हिंदू समाज के लोगों के घर-घर जाकर लोगों को आमंत्रित करेंगे, जिससे कि सभी सकल हिंदू समाज एकत्र होकर बड़ा भव्य कार्यक्रम कर सकें।

## मकर संक्रांति पर पतंग, पकवान और दान-पुण्य की बाजार में छाई रौनक

# संक्रांति सूर्यदेव और शनिदेव के अनोखे मिलन का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

मकर संक्रांति पर्व को लेकर नगर में उत्साह और उल्लास का माहौल है। पर्व के चलते बाजारों में विशेष चहल-पहल देखने को मिल रही है। संक्रांति पर बनने वाले पारंपरिक लड्डू, रेवड़ी, गुड़ से बनी मिठाइयों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं बाजार में पतंग व मांझे की दुकानों पर बच्चों व युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।

धार्मिक दृष्टि से मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। पंडित भूपेंद्र शास्त्री ने बताया कि स्कंद पुराण एवं विष्णु पुराण में मकर संक्रांति को सूर्यदेव और उनके पुत्र शनिदेव के पावन मिलन का प्रतीक माना है। उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति पर तिल, गुड़, कंबल, खिचड़ी, नमक वस्त्र, देशी घी एवं पशु चारा दान करने से ग्रह दोषों की शांति होती है।

### दान से नकारात्मकता का होता है नाश

पंडित शास्त्री ने बताया कि 14 जनवरी को दोपहर 3 बजकर 7 मिनट पर सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 3.13 बजे से पुण्यकाल प्रारंभ होगा। सामान्य पुण्यकाल शाम 5.45 बजे तक रहेगा, जबकि महा पुण्यकाल दोपहर 3.13 बजे से शाम 4.58 बजे तक माना गया है, जिसकी अवधि 1 घंटा 45 मिनट रहेगी। पंडितों के अनुसार पौराणिक मान्यताओं में इस दिन संक्रांति को पीतांबरी धारण किए हुए बताया गया है, जो सूर्यदेव के तेज, ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक है।

## रोजगार मेले में सात कंपनियों ने किया 181 युवाओं का चयन



**गैरतगंज।** युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने 13 जनवरी को जनपद पंचायत प्रांगण में रोजगार मेले का नगर परिषद अध्यक्ष जिनेश सिंघई के मुख्य आतिथ्य में आयोजन किया। जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं कौशल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह युवा संगम मेला में 295 बेरोजगारों द्वारा पंजीयन कराया तथा 7 कंपनियों द्वारा 181 युवाओं का चयन किया। इस अवसर पर नप के प्रतिनिधि समेत जिला रोजगार अधिकारी एबी खान, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र महाप्रबंधक आशुतोष गुप्ता, प्राचार्य प्रतिनिधि प्रदीप कुमार खातरकर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ग्रामीण विकास और कानून व्यवस्था संभाल रहीं महिला अधिकारी

क्षेत्र में सुशासन के साथ सुरक्षा की तस्वीर दिखाई दे रही और अधिक सशक्त और साफ

# जनपद पंचायत-पुलिस प्रशासन की कमान महिला अधिकारियों के सुदृढ़ कंधों पर

**जनता के बीच सक्रियता से बढ़ा विश्वास और शिकायतों में भी आई कमी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

विशेष खबर

क्षेत्र में सुशासन और सुरक्षा की तस्वीर तब और अधिक सशक्त दिखाई देती है जब जिम्मेदारी निभाने वाले अधिकारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं।

सिलवानी में जनपद पंचायत सीईओ नीलम रायकवार एवं थाना प्रभारी पूनम सविता दोनों महिला अधिकारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय देते हुए प्रशासनिक मिसाल कायम कर रही हैं।

महिला अधिकारियों की यह सक्रियता यह स्पष्ट संदेश देती है कि प्रशासन केवल आदेशों से नहीं, बल्कि जमीन पर उतरकर किए गए सतत और संवेदनशील प्रयासों से मजबूत होता है। जनता के बीच बढ़ता विश्वास और शिकायतों में आई कमी, उनकी प्रभावी कार्यशैली का प्रत्यक्ष प्रमाण है।



### गुमशुदा 24 बच्चियों को परिवार से मिलवाया

वहीं थाना प्रभारी पूनम सविता के नेतृत्व में सिलवानी पुलिस न केवल कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए हुए है, बल्कि सामाजिक सरोकारों से भी मजबूती से जुड़कर कार्य कर रही है। अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई, यातायात व्यवस्था में सुधार, महिला एवं बुजुर्गों की सुरक्षा तथा आपात परिस्थितियों में त्वरित सहायता हर मोर्चे पर पुलिस की भूमिका सराहनीय रही है। बीते एक वर्ष में ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत थाना प्रभारी के नेतृत्व में करीब 24 बालिकाओं को सकुशल उनके अभिभावको से मिलवाया गया।

कार्यशैली की बात करें तो थाना प्रभारी पूनम सविता का दिन प्रातः लगभग 7 बजे प्रारंभ होता है। परिवारिक दायित्वों के निर्वहन के उपरांत वे थाने पहुंचकर कानून-व्यवस्था, लंबित प्रकरणों और जनशिकायतों की समीक्षा करती हैं। अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा की जिम्मेदारी निभाते हुए वे दिनभर क्षेत्र में सक्रिय रहती हैं।

### लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में कर रहीं निराकरण



जनपद पंचायत स्तर पर सीईओ नीलम रायकवार द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्रो में जारी विकास कार्यों की नियमित समीक्षा, लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दिए जाने से ग्रामीण अंचलों में प्रशासनिक सक्रियता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही है। योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त न करने की उनकी नीति के कारण अधीनस्थ अमले में भी कार्य के प्रति जवाबदेही और गंभीरता बढ़ी है। इतना ही नही सीईआ मुख्यमंत्री हेल्पलाईन शिकायतो के निराकरण में महत्व पूर्ण भूमिका का निर्वाहण कर त्वरित निराकरण कर रही हैं।

# किसानजन आंदोलन यात्रा के प्रथम चरण समापन पर जनसभा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही किसान जन आंदोलन यात्रा के प्रथम चरण का समापन मंगलवार को गैरतगंज में हुआ। इस अवसर पर किसानों की विशाल जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश भर से आए कांग्रेस नेताओं, किसान संगठनों और सैकड़ों किसानों की भागीदारी रही।

जनसभा में मुख्य अतिथि प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान एवं विशेष अतिथि विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र पटेल उपस्थित रहे। जनसभा में बड़ी संख्या में किसानों के साथ कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।




सांची विधानसभा क्षेत्र में यात्रा के दौरान रायसेन नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष प्रभात चावला तथा डॉ. जीसी गौतम, मदन चौधरी मौजूद रहे और किसानों से जनसंपर्क कर उनकी समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम के समापन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रंजीत रघुवंशी ने मंच से सभी ब्लॉक अध्यक्षों, किसान कांग्रेस पदाधिकारियों और यात्रा में निरंतर साथ चलने वाले कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। जनसभा में किसानों से जुड़े प्रमुख मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया गया।